**संख्या-45/4889/92-2014-145एम/2014**

प्रेषक,

शिशिर कुमार यादव,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक एवं मुख्य अभियन्ता,
ग्रामीण अभियंत्रण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

ग्रामीण अभियंत्रण अनुभाग, लखनऊ: दिनांक: 11 दिसम्बर, 2014

**विषय:- ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-कासगंज के कार्यालय भवन के किराये की स्वीकृति के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक, वित्त नियंत्रक, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या-4027/ग्रा0अ0वि0/बजट/का0भ0कि0/2014-15, दिनांक 21-10-2014 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, प्रखण्ड-कासगंज के कार्यालय भवन, जिसका कुल कारपेट एरिया 146.60 वर्गमीटर है, का किराया रू0 80.00 प्रति वर्गमीटर की दर से रू0 11,728.00 (रूपये ग्यारह हजार सात सौ अट्ठाईस मात्र) प्रतिमाह की दर से दिनांक 01-8-2010 से 31-7-2015 तक की अवधि के लिये श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- उक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-13 के लेखाशीर्षक "2515-अन्य ग्राम्य विकास कार्यक्रम-आयोजनेत्तर-800-अन्य व्यय-03-ग्रामीण अभियंत्रण विभाग-17-किराया उपशुल्क और कर स्वामित्व" के नामे डाला जायेगा।

भवदीय,

शिशिर कुमार यादव
विशेष सचिव।

**संख्या-45/4889(1)/92-2014, तददिनांक।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- आयुक्त, अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़।
3- वित्त नियंत्रक, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
4- जिलाधिकारी/कोषाधिकारी, कासगंज।
5- अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल-अलीगढ़।
6- अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, प्रखण्ड-कासगंज को उनके पत्र संख्या-457/ग्रा0अ0वि0/लेखा/भवन किराया स्वीकृति/2014-15, दिनांक 23-8-2014 के सम्बन्ध में।
7- उर्मिला कोल्ड स्टोरेज जनपद-कासगंज।
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

अखिलेश अग्निहोत्री
उप सचिव।

http://shasanadesh